# सामग्री प्राप्त करना

सामग्री जो भी मिले, रखें खुले मैदान।
चेक लिस्ट से कीजिए, आप तुरंत मिलान।।1

सीयू एक मशीन है, बीयू वीवीपैट।
तीनों मिलकर है बना, एक निराला सेट।।2

सीयू बीयू पैट को, आहिस्ता लें थाम।
मॉक पोल के ही समय, लेना इनसे काम।।3

हरी पत्र मुद्रा मिली, परखें स्ट्रिप सील।
कटी–फटी भी देखना, जरा न देना ढील।।4

निर्वाचक नामावली, प्रतियां मिलें अनेक।
चिन्हित प्रति को देखिए, जो है केवल एक।।5


डॉ. लक्ष्मीनारायण बुनकर

www.rajteachers.com

मतदाता है रजिस्टर, सत्रह 'क' प्रारूप।
खासतौर से देखिए, होवे सुंदर रूप।।6

मतदाता पर्ची गिनें, करलें संख्या नोट।
मतदाता को देत हैं, जो डालेगा वोट।।7

अमिट स्याहि की शीशियाँ, देखें देकर ध्यान।
सभी भरी सूखी नहीं, इतना लीजे जान।।8

सील सुभिन्नक एक है, एक घूमते तीर।
एक धातु की तीसरी, देखें रहे न पीर।।9

बीस गिनें मतपत्र जो, कहलाते निविदत्त।
काम अगर पड़ जाए तो, करना है प्रदत्त।।10

अब देखें प्रपत्र सब, गिनें लिफाफे तीस।
संख्या तो अनुमान है, हो सकते पच्चीस।।11

निर्धारित वाहन मिले, जायेंगे सब लोग।
अपने वाहन का नहीं, करना है उपयोग।।12

# केन्द्र पर पहुँचकर

अफसर पहुँचें केन्द्र पर, करें तयारी खास।
चिपकाएँ नोटिस सभी, जो हैं उनके पास।।13

अभिकर्ताओं से करें, मिलने का प्रयास।
मॉक पोल के ही समय, आना जिनको पास।।14

करें व्यवस्था कक्ष में, बूथ बनाएँ ठीक।
बात गुप्त मतदान की, करे न कोई लीक।।15

भरलें सब प्रपत्र अब, पहले से ही आप।
और लिफाफे सील कर, रखें, लगाएँ छाप।।16

जो भी है मतदान दल, रखे चुनावी ज्ञान।
काम करें मिलकर सभी, सफल रहे मतदान।।17

# मॉक पोल

सीयू टेबल पर रखें, बैठे नम्बर तीन।
बीयू वीवीपैट हों, जहाँ बूथ रंगीन।।18

फिर तीनों को जोड़िए, पैट करें अनलॉक।
पावर स्विच को ऑन कर, पोल करें फिर मॉक।।19

अभिकर्ता दो–चार हों, अधिकारी हों तीन।
माइक्रो ऑब्जर्वर सहित, देखें सभी मशीन।।20

सात गिरेंगी पर्चियाँ, होगा जब स्विच ऑन।
आत्म परीक्षण है यही, देखें होकर मौन।।21

प्रथम करें सी आर सी, तीनों बटन दबाय।
फिर डालें एजेंट मत, जिसको जैसा भाय।।22

नोटा सहित हरेक को, डालें इक–इक वोट।
टोटल होय पचास मत दिख जाएगा खोट।।23



www.rajteachers.com

टोटल बटन दबाइये, संख्या लीजे जान।
ड्रॉप बॉक्स की पर्चियाँ गिनकर करें मिलान।।24

बटन क्लोज दबायकर, फिर देखें परिणाम।
क्लियर हो तब देखना, अभिकर्ता का काम।।25

अब पावर स्विच ऑफ कर, केवल रखें निकाल।
सीयू की सीलिंग करें, अधिकारी तत्काल।।26

ड्रॉप बाक्स खाली हुआ, उसे कीजिए सील।
बीयू वीवीपैट सँग, रखें, न देना ढील।।27

दूर रोशनी से रखें, अपना वीवीपैट।
दिखलाई देता रहे, पर्ची वाला गेट।।28

कृष्ण लिफाफे में रखें, पर्ची सात पचास।
डाल प्लास्टिक बॉक्स में, सील करें रख आस।।29

अभिकर्ता साइन करें, मॉक पोल प्रमाण।
हो जायें निश्चिंत सब, होगा अब मतदान।।30

केबल को दें जोड़ अब, स्विच को कर दें ऑन।
शुभारंभ फिर कीजिए, सचमुच का मतदान।।31

## पी ओ, पी 1, पी 2, पी 3 के कर्तव्य

अधिकारी दल का प्रमुख, होता पीठासीन।
पी 1 पी 2 पी 3, उसके ही आधीन।।32

वोटिंग करने को मिली, ईव्हीएम मशीन।
सीयू बीयू पैट ये, उसके ही आधीन।।33

प्रक्रिया मतदान की, का सारा प्रभार।
संचालन, सीलिंग, सकल, लिखा–पढ़ी का भार।।34

लापरवाही गड़बड़ी का है जिम्मेदार।
काम करे निष्पक्ष सब, होवे बेड़ा पार।।35

मतदाता आता प्रथम, अधिकारी के पास।
चिन्हित प्रति रखत वही, जो होती है खास।।36

करे सुनिश्चित देख कर, वोटर की पहचान।
एपिक देखे, जोर से, बोले उसका नाम।।37

तिरछी रेखा खींच दे, पुरुष अगर जो कोय।
महिला के प्रसंग में, टिक भी करना होय।।38

संख्या महिला पुरुष की, अलग–अलग बतलाय।
इसकी खातिर एक वो, अलग हिसाब बनाय।।39

मतदाता का एक जो, रखे रजिस्टर पास।
अधिकारी दो मानिए, काम बड़ा है खास।।40

बांये हाथ की तर्जनी, स्याही अमिट लगाय।
सत्रह 'क' प्रविष्टियां, पर्ची देय थमाय।।41

दर्ज वो एपिक के करे, अंक आखिरी चार।
हस्ताक्षर करवाय या, करे अंगुष्ठ विचार।।42

पर्ची अपने पास में, रखे सुरक्षित तीन।
होती है प्रभार में, सीयू एक मशीन।।43

बैलट बटन दबाय कर, जारी करता वोट।
मतदाता को भेजता, वही बूथ की ओट।।44

मतदाता मत का करे, अभ्यर्थी को दान।
पर्ची वीवीपैट में, देखे, करे निदान।।45

## मतदान समाप्ति

बंद करें मतदान जब, बटन दबायें क्लोज।
पावर स्विच को ऑफ कर, करें सभी फिर मौज।।46

वीवीपैट को लॉक कर, केवल रखें निकाल।
रखें मशीनें बॉक्स में, सील करें तत्काल।।47

सत्रह 'ग' में कीजिए, मतलेखा तैयार।
अभिकर्ता को दीजिए, हों चाहे दो–चार।।48

पीठासीन की डायरी, भर लीजे फिर आप।
तब आगे के काम का, होगा रस्ता साफ।।49



www.rajteachers.com

सब सामग्री साथ लें, रखें सभी का ध्यान।
फिर वाहन में बैठकर, करें सभी प्रस्थान।।50

## सामग्री जमा करना

सूची हो निविदत्त की, अप्रयुक्त मतपत्र।
पर्ची, चिन्हित, रजिस्टर, कर लेना एकत्र।।51

पाँच लिफाफे परिनियत, होंगे ना तबदील।
हरा रंग, चपड़ी लगा, करना इनको सील।।52

अपरिनियत हैं एक दस, पीला इनका रंग।
चिपकाएँ दस गोंद से, बदल एक का ढंग।।53

अभ्याक्षेपित वोट की, सूची का वो एक।
मुहरबन्द होगा वही, उसको लेना देख।।54

घोषणाएँ, डायरी, सोलह बिन्दु रिपोर्ट।
विजिट सीट, मतलेखा, खुल्ला रखें, न ओट।।55

जिसका जैसा लिफाफा, रखें वही सामान।
जो सामग्री है बची, सबका हो सम्मान।।56

सीयू बीयू पैट जो, सील्ड मशीनें तीन।
जमा करें सामान सब, होकर के तल्लीन।।57

दल के अधिकारी सभी, बात करें मुस्काएँ।
लेकर सबकी पावती, खुशी–खुशी घर जाएँ।।58

---

**काम नेक मतदान का, सबका है कर्तव्य।**
**सब ही जिम्मेदार हैं, मेरा यह मंतव्य।।**

**डॉ. लक्ष्मीनारायण बुनकर**
**सह–प्राध्यापक हिन्दी ,**
**शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुना म.प्र.**
**मेबा. – 9993572032**



www.rajteachers.com